# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-204 | सागवाड़ा, शुक्रवार, 1 अप्रेल, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## चाकू की नोंक पर विवाहिता से रेप के दोषी को 10 साल की कड़ी कैद

**सागवाड़ा।** ढाई साल पहले एक विवाहिता को चाकू दिखाकर रेप के आरोपी को कोर्ट ने 10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। वही दोषी पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

सागवाड़ा एडीजे जज दिनेश कुमार गढ़वाल ने विवाहिता से रेप के केस में फैसला सुनाया है। अपर लोक अभियोजक आजा शाह ने बताया कि 15 मई 2019 को सागवाड़ा पुलिस थाने में एक विवाहिता ने अपने पति के साथ पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि 9 मई 2019 को वह घर के काम से भीलूड़ा गई थी। दोपहर के समय वापस आ रही थी। उसी समय डूडियावाडा फ़ला सेलोता निवासीअरविंद पुत्र वासु पारगी ओर एक अन्य साथी धुला एक बाईक पर आए। वह भंडारिया के पास पहूंची थी तो धुला अरविंद को बाइक पर से पुल के पास उतार कर चला गया।

इसके बाद अरविंद ने विवाहिता को चाकू दिखाकर डराया धमकाया। आवाज करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे पगडंडी रास्ते की तरफ ले गया और उसके साथ रेप किया। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी अरविंद को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी को 10 साल के कठोर कारावास और 5 हजार रुपए के जुर्माना की सजा सुनाई है।

## ज़ील अस्पताल में आज रीढ़ की हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण के विशेषज्ञ डॉ. अतुल सोनी देंगे परामर्श

### मस्तिष्क और लकवा रोग से पीड़ित रोगियों को ज़ील अस्पताल में मिला उपचार

**सागवाड़ा।** गर्मी के मौसम शुरु होने के साथ ही इसका असर स्वास्थ्य पर भी पड़ना शुरू हो गया है। इसी को देखते हुए ज़ील मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागवाड़ा में उदयपुर और अहमदाबाद से विशेषज्ञ डाक्टर बुलाये जा रहे है। शुक्रवार को ज़ील अस्पताल में मस्तिष्क और लकवा रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष कुलश्रेष्ठ से दूर दराज से आए रोगियों ने परामर्श लिया। शनिवार को रीढ़ की हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण के विशेषज्ञ डॉ. अतुल सोनी पर ज़ील अस्पताल में परामर्श देंगे। ज़ील अस्पताल के सीओओ डा. टीकेंद्र शर्मा ने बताया कि ज़ील मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागवाड़ा में अप्रैल माह में विशेष चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। ज़ील अस्पताल में उदयपुर और अहमदाबाद जैसे बड़े शहरों के विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श देंगे। इसके तहत 2 अप्रेल को रीढ़ की हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण के विशेषज्ञ डॉ. अतुल सोनी, 9 अप्रेल को गले और मुंह की सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. शशांक शर्मा, 15 अप्रेल को कैंसर विशेषज्ञ डॉ. रानु मिश्रा, 21 अप्रेल को पेट, आंत और लीवर रोग के विशेषज्ञ डॉ. राजन ढींगरा व डाईबिटिज, थायरॉइड और हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ. मोना ढ़ींगरा और 22 अप्रेल को मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी के डॉ. चिराग सोलंकी परामर्श देंगे। अधिक जानकारी के लिए 9351230476 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## निठाउवा पंचायत के सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश

### 7 में से 6 वार्ड पंचो ने विकास अधिकारी को सौपा अविश्वास प्रस्ताव, सरपंच पर लगाए मनमानी व अनिमियतता के आरोप

**सीमलवाड़ा।** सीमलवाडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत निठाउवा के सरपंच सूर्या देवी के खिलाफ पंचायतो के वार्ड पंचो ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। कुल 7 में से 6 वार्ड पंचो ने सीमलवाडा विकास अधिकारी को अविश्वास प्रस्ताव पेश करके सरपंच पर मनमानी व अनिमियतता के आरोप लगाये है। सीमलवाडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत निठाउवा के वार्ड पंच सरपंच सूर्या देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर पंचायत समिति कार्यालय पहुंचे। इस दौरान पंचायत के कूल 7 वार्ड पंचो में से 6 वार्ड पंच मौजूद रहे। जिसमे वार्ड नम्बर एक से बालुराम पिता ताराचंद लबाना, वार्ड- 2 से शामी पत्नी धीरज डामोर, वार्ड- 3 से रमेश पिता खातरा डामोर, वार्ड संख्या 4 से लक्ष्मण पिता गला डामोर, वार्ड -6 से किला पत्नी अमरसिंह लबाना और वार्ड संख्या 7 की वार्ड पंच उर्मिला पत्नी अरविन्द लबाना शामिल रहे। पंचायत के सभी वार्ड पंचो ने निठाउवा सरपंच सूर्या देवी पर मनमानी व अनिमियतता का आरोप लगाते हुए सरपंच के खिलाफ विकास अधिकारी को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस मौके पर वार्ड पंचो ने आरोप लगाते हुए कहा की सरपंच विकास के काम में मनमानी करती है सरपंच उनके वार्डो में विकास कार्यो को लेकर उन्हें सूचित नहीं करती है। इसके अलावा वार्डो में विकास कार्यो को लेकर भी सरपंच द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। वार्ड पंचो ने वार्ड 5 में गमेला तालाब को मोडल तालाब बनाने के कार्य में भी सरपंच द्वारा घटिया कार्य करवाकर राशी ऐठने का भी आरोप लगाया है।

## ब्राउन शुगर पीते 3 युवक गिरफ्तार

### रेती स्टैंड पर छुपकर पन्नी में डालकर पीते हुए दबोचा, सप्लायर को खोज रही पुलिस

**डूंगरपुर।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर का नशा कर रहे तीन नशेडी युवकों को गिरफ्तार किया हैं। तीनो युवक झाड़ियों के पास छुपकर नशा कर रहे थे। पुलिस शहर में ब्राउन शुगर सप्लायर का पता लगाने में जुट गई है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया की शहर में नशे के कारोबार व नशे की लत में युवाओं के पड़ने के शिकायते मिल रही थी। जिसके तहत आज मुखबिर के जरिए सूचना मिली की शहर के नया बस स्टैंड के पास रेती स्टैंड पर कुछ युवक छुपके से नशा कर रहे है। मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर कोतवाली थाने के उप निरीक्षक रामस्वरूप मीणा पुलिस टीम के साथ रेती स्टैंड पर पहुंचे। इस दौरान देखा की झाड़ियों के बीच 3 युवक बैठकर नशा कर रहे थे।

जिस पर पुलिस ने घेरकर तीनो युवकों को पकड़ा। इधर पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम 28 वर्षीय राजेंद्र पुत्र रामाजी कटारा निवासी माथुगामड़ा फला गदात, 22 वर्षीय नरेश पुत्र शंकरलाल कोटेड निवासी कुशालमगरी, 22 वर्षीय विजय पुत्र ज्ञानेश्वर डेंडोर निवासी कुशालमगरी का होना बताया। तीनों ने पन्नियों में ब्राउन शुगर डाल जलाकर पीने की बात बताई। जिस पर पुलिस ने तीनो युवाओ को ब्राउन शुगर का नशा करते गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में महारावल स्कूल के बायपास के पास एक व्यक्ति से ब्राउन शुगर खरीदकर पीने की बात बताई। ये ब्राउन शुगर 200 से 500 रुपए में खरीदना बताया है। आरोपी नरेश कलर का काम करता है, जबकि राजेंद्र कटारा फल फरूट बेचने का काम करता है। वही विजय सेकंड ईयर कॉलेज का स्टूडेंट है। तीनों दोस्त है और तीनो को नशे की लत लग गई है। सीआई दिलीपदान ने बताया की शहर में नशे का सामान बेचने वालो का पता लगाकर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## आधे घंटे पड़े रहे बैग, बम होते तो फट जाते

**जयपुर।** जयपुर में 2008 में 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे। 80 लोगों की मौत हुई और 176 घायल हुए थे। आतंकवादियों ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में साइकिल पर बैग में टाइम बम रखे थे। 14 साल बाद फिर जयपुर में सीरियल ब्लास्ट की साजिश थी। गनीमत रही कि 12 किलो आरडीएक्स लेकर आए सूफा संगठन के तीन आतंकवादियों को पुलिस ने पकड़ लिया। गनीमत इसलिए भी क्योंकि 14 साल बाद भी न लोग जागरूक हैं और न ही जयपुर पुलिस।

## बेटे के सामने बाइक की टक्कर से हुई पिता की मौत

### कोर्ट पेशी से वापस जाते समय पुराना बस स्टैंड पर हादसा

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर के पुराना बस स्टैंड पर एक बाइक की टक्कर से बेटे के सामने पिता की मौत हो गई। पिता - पुत्र के कोर्ट में पेशी से वापस घर लौटते समय ये हादसा हुआ। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। जिले के कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया की वैंजा सुरो का तालाब निवासी मुकेश भगोरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में मुकेश ने बताया की कल गुरुवार को वह और उसके पिताजी 52 वर्षीय रेवाजी भगोरा डूंगरपुर कोर्ट में पेशी पर आए थे। पेशी होने के बाद वे दोनों वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान डूंगरपुर पुराना बस स्टैंड के पास उसके पिताजी किराणा दुकान का सामान लेने जा रहे थे। उसी समय तहसील चौराहा की ओर से एक तेज रफ्तार बाइक आई और उसके पिता रेवाजी भगोरा को टक्कर मार दी। इसके बाद भी बाइक चालक रुका नही और भाग गया। इधर बाइक की टक्कर से पिता रेवाजी के सिर पर हाथ - पैर पर कई जगह चोटें आई। इधर हादसे के बाद गंभीर घायल रेवाजी को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इधर आज डूंगरपुर जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रेवाजी ने दम तोड दिया। इधर घटना की सुचना परिजनों ने कोतवाली थाना पुलिस को दी 7 सुचना पर कोतवाली थाना एएसआई योगेंद्र सिंह मय जाब्ता के डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे।

जहा पर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मुकेश ने बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया है। वहीं पुलिस चालक की तलाश कर रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपर्द कर दिया है।

## हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं, बधाई.....




**सागवाड़ा।** हिंदू नववर्ष 2 अप्रैल को विक्रम संवत 2079 को मनाया जा रहा है। इसी दिन से हिन्दू मान्यता के अनुसार नए साल की शुरुआत होती है। हिन्दू पंचांग सार्वभौमिक और वैज्ञानिक कैलेंडर है। यह सौर और चंद्रमा की गणना पर आधारित है। चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के पूर्व संध्या पर संस्कार भारती की ओर से आयोजित भजन संध्या में में पूर्व विधायक अनिता कटारा ,पूर्व पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, मण्डल अध्यक्ष श्याम भट्ट सहित गणमान्यजन मौजूद रहे। **फोटो- राकेश खींची**




**सागवाड़ा।** हिंदू नववर्ष 2 अप्रैल को विक्रम संवत 2079 को की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में भूपेश पुरोहित शंख बजाते हुए। **फोटो- राकेश खींची**

## देश की सबसे बड़ी हॉस्पिटल बिल्डिंग, CM रखेंगे आधारशिला 5 को

**जयपुर।** राजस्थान में सबसे ऊंची बिल्डिंग की नींव 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रखेंगे। 116 मीटर ऊंची ये बिल्डिंग कोई मॉल या रेजीडेंशियल फ्लैट की न होकर प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल एसएमएस की एक यूनिट आईपीडी टॉवर की होगी। जेडीए अधिकारियों का दावा है कि किसी भी सरकारी या प्राइवेट हॉस्पिटल में ये देश की सबसे बड़ी बिल्डिंग होगी। इस बिल्डिंग में 22 मंजिल बनाई जाएगी, जबकि ऊपर की दो मंजिल पर एक हेलीपैड तैयार होगा। ये प्रदेश का पहला हॉस्पिटल होगा जहां एयर एम्बुलेंस की सुविधा होगी और हेलिकॉप्टर छत पर लैंड हो सकेंगे। मेडिकल एजूकेशन डिपार्टमेंट राजस्थान के सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि इस आईपीडी टॉवर में 1200 बैड (792 जनरल, 150 कॉटेज, 166 आईसीयू और 92 प्रीमियम रूम) होंगे। इसके अलावा 20 ऑपरेशन थिएटर के अलावा 100 ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर होंगे। इसके अलावा सिटी, एमआरआई, मेडिकल साइंस गैलेरी, फार्मेसी स्टोर, सेमिनार हॉल समेत अन्य कई सुविधाएं विकसित होगी। यही नहीं यहां कई तरह की जांच के लिए अत्याधुनिक मशीने लगाई जाएगी। इस बिल्डिंग में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 16 लिफ्ट लगाई जाएंगी, जबकि दो मंजिल पर पार्किंग डवलेप होगी। इस पूरे प्रोजेक्ट को 2 फेज में पूरा किया जाएगा, जिस पर करीब 456.80 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसी तरह हार्ट से संबंधित मरीजों का इलाज और यहां पढ़ाई करने वाले मरीजों के लिए एक नई यूनिट भी बनाई जाएगी। इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंस खोला जाएगा। इसका भी शिलान्यास 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री करेंगे। एसएमएस हॉस्पिटल में इमरजेंसी के पास इस बिल्डिंग को बनाया जाएगा। 4 मंजिला इस बिल्डिंग में ओपीडी रूम, सिटी स्कैन-एमआरआई लैब, कार्डियक डायग्नोसिस, हीमेटोलोजी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, 4 कैथ लैब, 3 ऑपरेशन थिएटर समेत अन्य सुविधाएं विकसित की जाएगी। इसके अलावा सबसे टॉप फ्लोर पर रिसर्च रूम और टीचिंग रूम बनाया जाएगा।

## जनजाति सुरक्षा मंच सागवाड़ा जिले का जिला सम्मेलन 5 मई को, तैयारियों को लेकर बैठक हुई



**सागवाड़ा।** जनजाति सुरक्षा मंच बैठक विधानिकेतन सागवाड़ा में राजस्थान प्रान्त के संयोजक लालूराम कटारा के सानिध्य में हुई। संयोजक लालूराम कटारा ने बताया कि भारत के जनजाति समाज को संविधान द्वारा दिये गए संरक्षण के 70 वर्ष पश्चात भी जनजाति समाज को उसका अधिकार पूर्णरूप से नहीं मिल पाया हैं। वास्तविक जनजाति के लोग वो है जिन्होंने अपनी संस्कृति एक धार्मिक परम्परा तथा विश्वास कायम रखा हैं। जनजाति सुरक्षा मंच का गठन 1 मई 2006 को देश भर के 14 राज्यों के 85 प्रतिनिधियों द्वारा छत्तीसगढ़ मेकिया गया। इस मंच का मुख्य उद्देश्य हैं,जनजाति समाज में से धर्मान्तरित होकर अपनि पूर्वजों के (परम्परागत सनातन) धर्म को छोड़कर ईसाई या मुस्लिम हो जाने के बावजूद ऐसे धर्मान्तरित नकली व अस्वीकृति लोगों द्वारा जनजातियों के देय आरक्षण का अधिकांश लाभ उठाने के कारण हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना। वास्तविक जनजाति के साथ हो रहे इस अन्याय को दूर करने के लिए राष्ट्रपति जी के अनुसूचित जनजाति आदेश 1950 मे संशोधन करना पडेगा।इसके लिए हमकों संगठित होकर केन्द्र सरकार पर दबाव बनाना पडेगा। बैठक में सागवाड़ा जिले का जिला सम्मेलन 5 मई को करने का निर्णय लिया।सयोजक प्रेमचंद डामोर व सह सयोजक कान्तिलाल डोडियार, विष्णु, दिनेश, आत्माराम कटारा, अनुराग कटारा, मोतीलाल परमार, वालेंगजी रोत, भंवरलाल डामोर, शंकरलाल डेचा, राजेंद्र कुमार परमार कराडा, गौतम लाल, वासुदेव बरजोड, जयंती लाल कटारा राजेंद्र कुमार परमार, ईश्वर लाल परमार मौजूदा रहे।

संचालन रमणलाल अहारी एवं हरीश कुमार मीणा ने किया।

## राजस्थान और मैक्सिको मिलकर देंगे पर्यटन को बढ़ावा: गायत्री राठौड़

**जयपुर।** पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान और मैक्सिको की संस्कृति में काफी समानता है। दोनों राज्यों की ऐतिहासिक विरासत एवं प्राकृतिक स्थल दुनिया भर में अपनी अनूठी पहचान रखते हैं। दोनों राज्यों के सांस्कृतिक विनिमय से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। राठौड़ ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में मैक्सिको की द इंडियन ट्रेवल लाइफ की महानिदेशक मिस कारमेन मॉर्गन वाजक्वेज के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान परस्पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दोनों के बीच सार्थक चर्चा हुई। प्रमुख सचिव ने मैक्सिको के ट्रैवल ट्रेड के प्रतिनिधियों को राजस्थान पर्यटन उत्पादों के ब्रोशर भेंट किये। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के मध्य आपसी समन्वय एवं विनिमय से न केवल पर्यटन को नई पहचान मिलेगी।

## कोरोना में लगाए 669 कोविड स्वास्थ्य सहायकों की सेवाएं हुई समाप्त

### बेरोजगार हुए सहायको ने ज्ञापन देकर सीएम से की सेवाए पुनः शुरू करने की मांग

**डूंगरपुर।** राज्य सरकार के निर्देश पर डूंगरपुर जिले में कोरोना में लगे कोविड स्वास्थ्य सहायको की आज से सेवाए समाप्त कर दी है। इधर सेवाए समाप्त होने से जिले में लगे 669 कोविड स्वास्थ्य सहायक अब बेरोजगार हो गए है। बेरोजगार हुए 669 कोविड स्वास्थ्य सहायको ने कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा है और पुनः सेवाए शुरू करने व बकाया मानदेय के भुगतान की मांग की है। सरकार ने कोविड में लगे कोविड स्वास्थ्य सहायको की सेवाए समाप्त करने के आदेश दिए है। उन्ही आदेशो की पालना में डूंगरपुर जिले में भी स्वास्थ्य विभाग ने 669 कोविड स्वास्थ्य सहायको की सेवा समाप्त कर दी है। इधर सरकार के इन आदेशो के बाद जिले में 669 कोविड स्वास्थ्य सहायक बेरोजगार हो गए है। इधर सरकार के इन आदेशो के खिलाफ कोविड स्वास्थ्य सहायक कलेक्ट्रेट पहुंचे और फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया। वही प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। इस मौके पर कोविड स्वास्थ्य सहायक कमलेश पाटीदार ने कहा कि अगस्त 2021 में सरकार ने जिले मे 669 कोविड सहायकों की भर्ती की थी। लेकिन सरकार ने अब कोविड स्वास्थ्य सहायको की सेवाए समाप्त करने के आदेश दिए है। सरकार के इस आदेश से डूंगरपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलो के हजारो कोविड स्वास्थ्य सहायक बेरोजगार हो गए है। पाटीदार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग उनके साथ दोहरा व्यवहार कर रहा है। पहले ही लंबे समय से बकाया मानदेय को लेकर सभी आंदोलन कर रहे थे। ऐसे में अब सेवाएं समाप्त करना उनके परिवार के लिए संकट भरा निर्णय साबित हो रहा है। कई कॉविड सहायको को 2 या 3 माह का मानदेय मिला है वही ज्यादातर कोविड सहायकों को भर्ती के बाद से अब तक एक भी महीने का मानदेय नही मिला है। उन्होंने कहा कि कोविड स्वस्थ्य सहायक अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर सर्वे, स्क्रीनिंग कार्य, घर-घर दवा वितरण, कोविड टीकाकरण और सेम्पलिम्ग सहित अन्य कार्य पूरी निष्ठां और ईमानदारी से कर रहे है लेकिन चिकित्सा विभाग, प्रशासन मानदेय देने में तो नाकाम रहा और अब सेवाएं समाप्त कर भूखे मरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ऐसे में कोविड स्वास्थ्य सहायको ने ज्ञापन के जरिये सरकार से पुनः उनकी सेवाए शुरू करने व बकाया मानदेय के भुगतान की मांग की है।